# मधुकर ज्ञानोपासना कन्या शिविर, गिरनार तीर्थ




राणापुर गुरु महेश जैन। पुण्य सम्राट राष्ट्रसंत श्रीमद्विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी महाराजा के पट्टधर गच्छाधिपति श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा. एवं आचार्य श्रीमद जयरत्न सूरीश्वरजी म.सा. के आज्ञानुवर्तीनी व समत्वसाधिका साध्वी श्री महाप्रभा श्रीजी म.सा. की सुशिष्या समतानिधि साध्वी श्री प्रीतिदर्शना श्री जी आदि ठाणा- 8 की निश्रा में, श्री गिरनार महातीर्थ जो अनंत तीर्थंकरों के कल्याणक एवं वर्तमान चौविसी के 22वें तीर्थंकर बालब्रह्मचारी नेमिनाथ परमात्मा के दीक्षा केवल ज्ञान और मोक्ष कल्याणक से पवित्र बना है और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर गौरवशाली गिरनार तीर्थ की जय तलेटी में छ्न्दिवसीय मधुकर संस्कार ज्ञानोपासना कन्या शिविर दिनांक 3 मई से 8 मई 2025 तक श्री नेमिजिन सेवा ट्रस्ट यात्रिक भवन भवनाथ तलेटी जुनागढ़ गिरनार तीर्थ (गुजरात) मे आयोजन किया जा रहा है, आप सभी माता पिताओ से आग्रह हैं कि अपनी 12 से 30 वर्ष तक की बिटिया रानी को गिरनार तीर्थ पर होने वाले शिविर मे भेजकर उनके ज्ञानार्जन एवं संस्कार अभिवृद्धि में सहभागी बने। इस गोल्डन चांस को चूके नहीं, शिविर में आना भूले नहीं।

अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद् के राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी ब्रजेश बोहरा ने बताया की शिविर हेतु आवश्यक निर्देश का पालन अवश्य करे। सामयिक के उपकरण , प्रतिक्रमण की पुस्तक एवं पूजा के वस्त्र साथ मे लावे। शिविर में मर्यादा पूर्वक वस्त्र पहने। उद्भट वेश भूषा मान्य नहीं होगी। सफेद चुन्नी साथ में लाना अनिवार्य है।दूर से आने वाले शिविरार्थियों को किराया दिया जाएगा। शिविर सम्बधित कार्य के लिये ब्रजेश बोहरा 9827244175 पकंज रूनवाल 9827343070 के मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क करे।

# प्रधान जिला न्यायाधीश, मण्डलेश्वर द्वारा सब जेल बड़वाह का निरीक्षण किया गया



बड़वाह। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मण्डलेश्वर श्री अखिलेश जोशी द्वारा सब जेल बड़वाह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा सब जेल बड़वाह के विभिन्न बैरक में निरुद्ध बंदीगण के रहन-सहन, खान-पान, साफ-सफाई, स्वास्थ्य, विधिक सहायता आदि विषयों के बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने पाकशाला, गोदाम, मुलाकात, विधिक सहायता कक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष आदि का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुश्री प्रीति जैन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर, श्री मुकेश कोरी, न्यायिक मजिस्ट्रेट बड़वाह, श्री युवराज सिंह मुवेल, सब जेल अधीक्षक बड़वाह, कु. दीपमाला शर्मा तथा जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

# महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को अपने निर्णय लेने की शक्ति और आत्मविश्वास देना है - तिवारीजी




बड़वाह। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार महिला सशक्तिकरण अभियान अंतर्गत विधिक कानूनी साक्षरता शिविर आयोजित किया गया न्यायालय परिसर सनावद में जहां न्यायाधीश महोदया द्वारा महिलाओं को घरेलू हिंसा दहेज प्रथा अधिनियमों के बारे मे संबंधित कानून के बारे में बताया गया और कहा गया कि आप संगठित हो तो देश संगठित है आपके साथ भेदभाव होना गलत है अगर ऐसा होता हे तो संबंधित व्यक्ति दंड का भागीदार होगा महिलाओं को स्वतंत्र और मजबूत बनाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हे आप सभी को अपना जीवन जीने की आजादी हे आप नारी शक्ति हे आपके साथ भेदभाव हो तो आप उचित कानूनी कार्यवाही करने में सक्षम हे वही ऐडवोकेट श्वेता माहेश्वरी मेम ने कहा कि आपके साथ घरेलू हिंसा दहेज प्रताड़ना या जैसी अत्याचार होता हे तो आप पुलिस से हमसे वकील से मदद लेकर दंडात्मक कार्यवाही करवा सकती हे। शिविर में मीणा मंडलोई मेम रश्मि पिपल्या चौहान अधिवक्ता न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अंबिया संदीप बैसवार न्यायालय नाजिर संतोष खन्ना साहब मौजूद थे।

# भाजपा का होली मिलन समारोह आज

सैलाना। सैलाना विधानसभा का भाजपा का होली मिलन समारोह आज दोपहर में आयोजित होगा इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन में मंत्री चेतन्य काश्यप, नागरसिंह चौहान, भाजपा के जिला संगठन मंत्री प्रदीप पांडे के मुख आतिथ्य में ओर जिला अध्यक्ष प्रदिप उपाध्याय की अध्यक्षता में होगा यह जानकारी सैलाना मण्डल अध्यक्ष पंकज राठौड़ भेरूसिंह निनामा सरवन कैलाश झोडिया माताजी महेंद्र जाट रावटी ओर नरेंद्र वसुनिया बाजना ने एक संयुक्त बयान में दी है वैसे भी भाजपा संगठन का कोई कार्यक्रम लम्बे समय बाद आयोजित हो रहा है इस कार्यक्रम में सांसद की अनुपस्थिति के बारे में मण्डल अध्यक्ष सैलाना ने बताया कि सांसद जी दिल्ली प्रवास पर है इसलिए कार्यक्रम में नही आ पा रहे हैं कार्यक्रम स्थल ओशिन परिसर रखा गया है।

# आज अपनी बेटियों का कन्यादान किया है इनका जीवन खुशियों से भरा रहे यही मंगल कामना है- मुख्यमंत्री

झाबुआ। आज जिले में 27 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आतिथ्य में मुख्यमंत्री कन्या विवाह,निकाह योजनान्तर्गत विशाल सामुहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्यमंत्री लगभग 2000 जोड़ो को सुखद वैवाहिक जीवन के लिए आशिर्वाद देकर विशाल सामुहिक विवाह के साक्षी बने।





### पारंपरिक रूप से स्वागत

कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का स्वागत कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया के द्वारा जिले की सांस्कृतिक परम्परा के अनुरूप करते हुए ट्राइबल जैकेट झूलडी पहनाकर, साफा बांधकर एवं तीर कमान भेंट कर किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कन्यापूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### पुष्प वर्षा और जनता का अभिवादन

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने वैवाहिक जोड़ो पर पुष्प वर्षा करते हुए कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश किया और जनता का अभिवादन किया।

इनका जीवन खुशियों से भरा रहे यही मंगल कामना है.मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि ऐसा विशाल विवाह समारोह आनन्दित कर रहा है, 2000 जोड़ो को परिणय सूत्र में बंधते हुए देखना एक नया अनुभव है। यह उन 4000 परिवारों के लिए एक सुखद अवसर है एवं इस विशाल समारोह में मंत्रोच्चार से धरती गुंजायमान हो चूंकि है। उन्होंने बताया कि आपका सभी वरों से कहा कि अपनी बेटियों का कन्यादान किया है इनका जीवन खुशियों से भरा रहे यही मंगल कामना है। उन्होने कहा भगवान सूर्य को साक्षी मानकर आज 2000 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे है। मनुष्य जीवन के 16 संस्कारों में से पाणिग्रहण संस्कार गृहस्थ जीवन में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण संस्कार है, इसमें माध्यम से 7 फेरों के माध्यम से 7 वचनों को पूरा कर सात जन्मों तक बंधन स्थापित होता है। ईश्वर से मंगल कामना है कि आपके जीवन में सदैव खुशिया रहे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला

**झाबुआ में लगभग 2000 जोड़ो को आशीर्वाद दिया मुख्यमंत्री**

**लाड़ली बहना योजना महिलाओं के जीवन में आमूलचुल परिवर्तन ला रही है यह बन्द नहीं की जाएगी- मुख्यमंत्री**

**11 जोड़ो को प्रतिकात्मक रूप से कन्यादान राशि के चेक भेंट किये**

सशक्तिकरण के लिए विधायिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए प्रयास किये गये है। राज्य सरकार ने सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण देकर प्रतिनिधित्व बढ़ाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सरकार महिला, युवा, किसान एवं गरिबो के विकास हेतु प्रयासरत है।

महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना के तहत 1250 रुपये दिये जा रहे और निरन्तर हर माह दिये जाएंगे, न यह योजना महिलाओं के जीवन में आमूलचुल परिवर्तन ला रही है यह बन्द नहीं की जाएगी।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने राणापुर क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई की समस्या भांडाखेड़ा बैराज, नागन खेड़ी, गलती, छायण, झालरवा, बुदाशाला और कल्लीपुरा में बैराज बनाने की घोषणा की।

### कन्यादान राशि का वितरण

मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम स्थल पर 11 जोड़ो को प्रतिकात्मक रूप से कन्यादान राशि के चेक भेंट कर सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया।

### जिले में रिकार्ड तोड़ सामूहिक विवाह हुए है...

प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग डॉ कुँवर विजय शाह ने कहा कि जिले में रिकार्ड तोड़ सामूहिक विवाह हुए है जिसमें सम्मिलित होकर मन आनंदित हो गया हैं।

### प्रशासनिक तंत्र विवाह जोड़ों को रोकने में हुआ नाकाम....

आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह,निकाह योजना÷ में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कार्यक्रम में शामिल हुए, लेकिन मुख्यमंत्री के उद्बोधन के पूर्व ही कई विवाह जोड़े व उनके साथ आए परिजन कार्यक्रम स्थल से जाने लगे, तब मंत्री निर्मला भूरिया ने माइक से बोला कि अभी आप थोड़ा रुक जाएं, अभी मुख्यमंत्री जी का भाषण सुनकर ही जाये, लेकिन प्रशासनिक तंत्र जो वर वधू और उनके साथ आए परिजन को कार्यक्रम में स्थल से रोकने में नाकाम रहा, एक अधिकारी ने यहां तक कहा कि पंचायत कर्मियों व जिम्मेदारों को इन्हें रोकना चाहिए था।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम संपन्न

पेटलावद। बजरंग दल त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम झकनावदा में गुरुवार को कार्यक्रम किया गया जिसमें सौरभ चतुर्वेदी रतलाम विभाग मंत्री ने उद्बोधन में कहा कि आज का समय हिंदुओं को एकजुट होने का समय आ गया है बाहरी ताकते से लड़ना पड़ेगा हिंदू बटेंगे तो कटेंगे इन्हें अपना जीवन माता और बहनों की रक्षा के लिए जीवन त्याग करना पड़ेगा।



हिन्दु सेवा सुरक्षा संस्कृति पर काम करता है बजरंग दल लव जिहाद रोकता है बजरंग दल पूरे भारतवर्ष में बजरंग दल एकमात्र विकल्प है हर समस्या का हल बजरंग दल देश का बल बजरंग दल हिंदू सनातन की रक्षा के लिए समस्त हिंदुओं को बजरंग दल के साथ हिंदुओं की रक्षा करना है उन्होंने बजरंग दल में प्रवेश के लिए नई युवाओं को तिलक लगाकर दुपट्टे द्वारा स्वागत किया गया तथा हिंदू समाज से आवाहन किया है कि बजरंग दल का साथ देकर समाज की रक्षा करना है आह्वान किया कि आज प्रदेश मे स्थिति को देखते हुए सभी वर्ग के समाज को एकजुट होकर मुकाबला करना है।

प्रत्येक घर के युवा बजरंग दल से जुड़कर समाज की रक्षा करना है कार्यक्रम का संचालन ठाकुर जगपालसिंह राठौर ने किया इस अवसर पर राम जी पंडित रायपुरिया प्रखंड संयोजक, अजय शर्मा सहसंयोजक, विकास राठौड नगर सुरक्षा प्रमुख, योगेश लोहार सह मंत्री, राहुल प्रजापत गौ रक्षा प्रमुख, अजय अगास अध्यक्ष खंड झकनावदा, रोहित माली उपाध्यक्ष, सुनील मुलेवा संयोजक, मनीष मुलेवा मंत्री, दशरथ राजपूत सह संयोजक, विकास सोलंकी सहसंयोजक, जीवन माली विद्यार्थी प्रमुख, दीपक प्रजापत प्रमुख देवगिरी गोस्वामी, देवेंद्र प्रजापत सत्संग प्रमुख, रितेश चौहान नगर सुरक्षा प्रमुख, राहुल गहलोत सहसंयोजक, की उपस्थिति में ग्राम बिजोरी, धतुरिया, झकनावदा सहित युवाओं ने भाग लिया जहां उन्हें शास्त्र स्वरूप त्रिशूल भेंट किए गए।

# आगामी त्योहारों को देखते हुए खलटाका चौकी पर शांति समिति की रखी गई बैठक



इंदौर समाचार सेवकराम चौबे। कसरावद बलकवाड़ा थाना चौकी खलटका पर को एसडीओपी मनोहर गवली महोदय, श्रीमान तहसीलदार सेफाली अग्रवाल महोदय, थाना प्रभारी रितेश यादव महोदय व चौकी प्रभारी राजेन्द्र अवास्या द्वारा चौकी पर शांतिसमीति की मीटिंग ली गई जिसमे क्षेत्र के दोनो समुदाय के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए जिसमें गणगौर, ईद, राम नवमी, हनुमान जयंती पर रहने वाले कार्यक्रमों के बारे में बार्तालाप की और किसी भी व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर कोई भी भड़काऊ पोस्ट न डाला जाए ना किसी भी ऐसी पोस्ट को लाइक, शेयर और फॉरवर्ड करे खरगोन साइबर सेल शाखा द्वारा सोशल मीडिया पर कड़ी नजर बनाए हुए है और एसडीओपी महोदय द्वारा आमजन से अपने अपने त्योहार शांतिपूर्ण मनाने की अपील की गई।

# कसरावद थाने पर आवेध सट्टा खेलते हुए की कार्रवाई

इंदौर समाचार सेवकराम चौबे। थाना कसरावद उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा,अतिरिक्त पुलीस अधिक्षक (ग्रामिण) श्रीमति शकुनतला रुहल, एसडीओपी मनोहर सिंह गवली द्वारा आगामी त्योरहार को दृष्टिगत रखते हुये अवैध रूप से सटटा जुआं खेलने वालो व खिलाने वाले पर प्रभावी कार्यवाही कर अंकुश लगाने हेतु निर्दिशित किया गया था उक्तर निर्देशो के परिपालन में थाना प्रभारी कसरावद राजेंद्र बर्मन के निर्देशन में दिनांक 26/03/2025 को कसरावद पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर विश्वांस कर बस स्टाप खरगोन रोड़ ग्राम सेलानी से आरोपी फखर्द्दीन पिता याकुब खान उम्र 65 साल निवासी ग्राम चंदनपुरी कि पान दुकान से दविश देकर हारजीत कर रूपयो पैसो से मांग पत्तो6 का दावं लगाकर सट्टा खेलते आरोपी फखर्द्दीन पिता याकुब खान उम्र 65 साल निवासी ग्राम चंदनपुरी को दविश देकर पकडा जिनके कब्जौ से एक लीड पेन, एक कार्बन का टुकड़ा, पांच सट्टा लिखि पर्चिया ओर 1950 नगदी रुपये जप्त किये तथा आरोपी के विरुद्ध धारा 4(क) ,सट्टा अधिनियम का प्रकरण पंजीब्द्धो किया गया उक्तप कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बर्मन ,उनि महेश यादव, सउनि आशीष पटेल, सउनि मोहन सिंगला, प्रआर. 31 अनिल परिहार,प्र आर 659 महेश मालवीया, आर.1045 अतुल, मआर.1033 सुनिधि का योगदान रहा ।



# यूएस एवं ताईवान के अंतर्राष्ट्रीय शोधकर्ताओं की उपस्थिति में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

इंदौर समाचार सेवकराम चौबे। कसरावद शनिवार 29 मार्च 2025 को जीआरव्हाय इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, बोरावां में क्लीनिकल ट्रायल्स पद्धतियों, चुनौतियों और वैश्विक नवाचार शीर्षक पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है ।





इस कार्यशाला में भारतीय फार्मेसी काउन्सिल सदस्य, संयुक्त राज्य अमेरिका और ताइवान के फार्मासिस्ट साथ मिलकर क्लीनिकल ट्रायल्स पद्धतियों के क्षेत्र में नवीनतम विकास पर चर्चा करेंगे।

क्लिनिकल ट्रायल मानव प्रतिभागियों पर किया जाने वाला एक शोध अध्ययन है, जिसका उद्देश्य नए चिकित्सा उपचारों, दवाओं, उपकरणों या उपचारों की सुरक्षा, प्रभावकारिता और संभावित दुष्प्रभावों का मूल्यांकन करना है। ये परीक्षण नए उपचारों को विकसित करने और सार्वजनिक उपयोग के लिए स्वीकृत होने से पहले यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि वे सुरक्षित और प्रभावी हैं। क्लिनिकल परीक्षणों में प्रतिभागियों की भर्ती और उन्हें बनाए रखने में कठिनाई जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे देरी होती है। सख्त नैतिक और विनियामक अनुमोदन प्रक्रिया को समय लेने वाला बनाते हैं।

उच्च लागत और सीमित वित्तपोषण वित्तीय बाधाएं पैदा करते हैं। सुरक्षा संबंधी चिंताएं और अप्रत्याशित दुष्प्रभाव प्रगति को रोक सकते हैं। डेटा अखंडता के मुद्दे और विविधता की कमी परिणामों की विश्वसनीयता को प्रभावित करती है। इन्ही मुद्दों पर चर्चा के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में कैलिफोर्निया यूएस से मुख्य वक्ता डॉ. बैथेनी कारपेंटर, जिन्हे क्लिनिकल फ़ार्मेसी का वृहद अनुभव प्राप्त है सम्मिलित होंगी । उनके साथ ही ताईवान से एलिस क्रिटिकल केयर फार्मासिस्ट, ताइपे म्युनिसिपल वानफैंग हॉस्पिटल, ताइवान उपस्थित रहेंगी । साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. इंद्रजीत सिंघवी, प्रोवोस्ट पेसिफ़िक मेडिकल यूनिवर्सिटी उदयपुर, राजस्थान और डॉ. नीरज उपमन्यु प्रो-वाईस चांसलर सेज यूनिवर्सिटी, भोपाल उपस्थित रहेंगें ।

संस्था प्राचार्य डॉ. सुजीत पिल्लई ने जानकारी देते हुए बताया कि इसमें वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और चिकित्सा विशेषज्ञों से नई औषधियों और उपचार विधियों के क्लिनिकल परीक्षणों की प्रभावशीलता, सुरक्षा और नैतिकता पर चर्चा की जावेगी । कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में दवा विकास प्रक्रिया, नियामक चुनौतियाँ और जैव सक्रिय यौगिकों के चिकित्सीय अनुप्रयोगों पर भारत के विभिन्न फार्मेसी संस्थाओं से प्रतिभागी अपने शोध को ऑनलाइन और पोस्टर प्रेजेंटेशन के द्वारा प्रस्तुत करेंगे, जिनके लिए उन्हें पुरस्कृत एवं सम्मानित भी किया जायेगा।